आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 11.09.2026 समय : 1905

- विश्व के प्रमुख नेता कल नई दिल्ली में होंगे एकत्रित, अठारहवें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में वैश्विक सहयोग और स्थिरता पर होगा मंथन ।
- राष्ट्रीय वन शहीद दिवस पर वन रक्षकों और अधिकारियों के बलिदान का स्मरण किया गया, केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री ने दी श्रद्धांजलि।
- नॉर्थ बे मिनी मैराथन कल सुबह छह बजे होगी शुरू, मैराथन में भाग लेने वाले धावकों के लिए विशेष फेरी की व्यवस्था की गई है।
- मायाबंदर में पूर्व छात्र मिलन समारोह आयोजित, कठिन परिस्थितियों में पूर्व छात्रों के संघर्ष और उपलब्धियों को किया गया याद ।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि विश्व के नेता कल से नई दिल्ली में शुरू हो रहे अठारहवें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए एकत्रित हो रहे हैं। एक सोशल मीडिया संदेश में श्री मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि सम्मेलन में विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक और सार्थक चर्चा होगी तथा इसका मुख्य उद्देश्य विश्व कल्याण होगा। भारत मंडपम में होने वाले दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में ब्राजील, चीन, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, भारत, ईरान, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात सहित ग्यारह देश भाग ले रहे हैं। इस वर्ष ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का विषय है लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण।" सम्मेलन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा, मिस्र के राष्ट्रपति अब्दुल फ़तह अल–सीसी, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियन सहित कई देशों के नेता शामिल होंगे। इथियोपिया के प्रधानमंत्री आबी अहमद अली भी सम्मेलन में भाग लेंगे।

ब्राजील का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री माउरु विएइरा करेंगे, जबकि सऊदी अरब के विदेश मंत्री युवराज फैसल बिन फरहान अल सऊद सम्मेलन में शामिल होंगे।

<><><><><><>

आज राष्ट्रीय वन शहीद दिवस है। यह दिवस देश के जंगलों, वन्य जीवों और जैव विविधता की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वन रक्षकों, अधिकारियों और स्थानीय समुदायों के सदस्यों के साहस और बलिदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने देश और पर्यावरण की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वन अधिकारियों को श्रद्धांजलि दी है। एक सोशल मीडिया संदेश में श्री यादव ने कहा कि समर्पित वन अधिकारी देश की समृद्ध जैव विविधता की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने जंगल की आग, तस्करों और शिकारियों से मुकाबला करते हुए देश की प्राकृतिक संपदा की रक्षा करने वाले निडर वन अधिकारियों को याद किया। श्री यादव ने कहा कि पेड़, वन्यजीव और नदियां केवल प्राकृतिक संपदा नहीं हैं, बल्कि मानव जीवन के लिए बेहद जरूरी हैं। आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए वन संरक्षक डी शेखर ने राष्ट्रीय वन शहीद दिवस पर वनों की रक्षा करते हुए बलिदान देने वालों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा

<><><><><><>

विवेकानंद केंद्र विद्यालय, लम्बा लाइन में आज विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिक्षा विभाग के उप–शिक्षा निदेशक ज्ञानशील दुबे मुख्य अतिथि और चिन्मय मिशन के आचार्य स्वामी शुद्धानन्द सरस्वती विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों से स्वामी विवेकानंद के विचारों और शिक्षाओं को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। जिला परिषद विवेकानंद केंद्र विद्यालय, फरारगंज में भी कल विश्व बंधुत्व दिवस मनाया गया। सहायक वन संरक्षक आर.एस. शरद मुख्य अतिथि और जिला परिषद सदस्य वी.के.अब्दुल अजीज विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

<><><><><><>

खेल एवं युवा मामले विभाग, सूचना, प्रचार एवं पर्यटन विभाग और शिक्षा विभाग के समन्वय से नॉर्थ बे मिनी मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। पुरुष और महिला वर्ग में दस किलोमीटर की यह दौड़ कल सुबह छह बजे चूनाभट्टा से शुरू होगी और नॉर्थ बे समुद्र तट से होते हुए वापस चूना भट्टा में समाप्त होगी। प्रतिभागियों की सुविधा के लिए जहाजरानी सेवा निदेशालय की ओर से कल सुबह पांच बजे चाथम जेट्टी से बम्बूफ्लाट जेट्टी के लिए विशेष फेरी सेवा की व्यवस्था की गई है। मैराथन में भाग लेने वाले धावकों, अधिकारियों और कर्मचारियों से सुबह चार बजकर पैंतालीस मिनट तक चाथम जेट्टी पहुंचने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

राजधानी श्री विजयपुरम स्थित हैडो के चिल्ड्रन्स पार्क में चौदह से तेईस सितंबर तक श्री बाल गणेश पूजा समारोह का आयोजन किया जाएगा। फ्रेंड्स क्लब की ओर से आयोजित इस छत्तीसवें वार्षिक पूजा समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। गणेश प्रतिमा का विसर्जन तेईस सितंबर को किया जाएगा।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार राज्य शतरंज चौंपियनशिप की शुरुआत आज राँची बस्ती स्थित सीपीडब्ल्यूडी के बहुउद्देशीय हॉल में हुई। सूचना, प्रचार और पर्यटन सचिव विनायक चमड़िया ने मुख्य अतिथि के रूप में शतरंज की पहली चाल चलकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को कहा। तीन दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में मध्योत्तर अंडमान जिला शतरंज चैंपियनशिप से चुने गए खिलाड़ियों सहित द्वीपसमूह के करीब दो सौ चालीस खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता में कुल नौ मुकाबले होंगे। प्रतियोगिता के शीर्ष चार खिलाड़ी दिसंबर में उत्तर प्रदेश में होने वाली राष्ट्रीय शतरंज चैंपियनशिप में अंडमान निकोबार द्वीप समूह का प्रतिनिधित्व करेंगे। विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं को कुल एक लाख रुपये की नकद पुरस्कार राशि और ट्रॉफियां दी जाएंगी।

<><><><><><><>